## एक नजर में

### भावान्तर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर ने ली बैठक



**रतलाम।** सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य से कम कीमत पर यदि किसानों की सोयाबीन की उपज बिकती है तो, किसानों को घाटे से उबारने के लिए अंतर की राशि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा भावान्तर योजना प्रारंभ की गई है। रविवार को कलेक्टर सभाकक्ष में भावान्तर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारी के संबंध में विभागों की योजनाओं की प्रगति और अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग,कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए किसान चौपाल लगाकर किसानों को पंजीयन के बारे में जानकारी दे। योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए योजना के संबंध में सभी ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय कार्यालयों, मण्डी तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आईल पेन्ट से दीवार लेखन के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। किसानों को मोबाइल एसएमएस के माध्यम से भी जानकारी दी जाये।

### कोटा रेलवे स्टेशन पर ब्लॉक के कारण एक ट्रेन प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल के कोटा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2 पर निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से आरंभ होने वाली एक ट्रेन तत्काल प्रभाव से प्रभावित होगी। तत्काल प्रभाव से 8 अक्टूबर 2025 तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22984 इंदौर कोटा एक्सप्रेस, सोगरिया रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया से कोटा के मध्य निरस्त रहेगी।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत पशुपालकों से ग्रह भेंट कर जागरूक किया



**रतलाम।** मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारम्भ हो चुका है द्य प्रदेश में दुग्धोत्पादन को दोगुना करने हेतु शासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान को 3 चरण में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अमले एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशुपालक को गृह भेट देकर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) हेतु जागरूक किया जा रहा है। उक्त अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत 10 या 10 से अधिक गाय/भैंस वंश के पशु पालक को सम्मिलित किया गया है। इस चरण का शुभारम्भ 2 अक्टूबर से ग्रामसभाओं में ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान कर किया गया एवं 3 अक्टूबर से सेवाएं प्रदान करने हेतु गृह भेट की जा रही है। इस अभियान में प्रदेश के सांसद, मंत्रीगण एवं विधायक गणों की सक्रिय सहभागिता है। विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरा लाल डामोर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में पशु पालको से गृह भेंट की गई। इस संदर्भ में रतलाम जिले में प्रथम चरण में दस या दस से अधिक गोवंश एवं भैंस वंश रखने वाले पशुपालकों से 1242 ग्राम एवं वार्ड में अभियान में संलग्न सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी एवं मैत्री घर घर जाकर पशुपालकों से बात कर रहे हैं।

### साहित्यकार रतन चौहान पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन 12 को

**रतलाम।** समकालीन कविता के महत्वपूर्ण कवि, अनुवादक प्रो. रतन चौहान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित पुस्तक उजली सुबह की आस में का विमोचन समारोह 12 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे अजंता पैलेस, प्रथम तल, रतलाम पर होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कवि, कथाकार एवं रविन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे होंगे। विशिष्ट अतिथि चर्चित कथाकार एवं आईएएस तरुण भटनागर होंगे। समारोह की अध्यक्षता कवि, चिंतक एवं वरिष्ठ आईएएस डॉ. अशोक कुमार भार्गव करेंगे। युवा रचनाकार आशीष दशोत्तर द्वारा संपादित इस पुस्तक में प्रो. चौहान के जीवन और रचनात्मकता के विभिन्न आयामों का समावेश किया गया है। जनवादी लेखक संघ रतलाम, जन नाट्य मंच, वनमाली सृजन केन्द्र एवं युगबोध ने शहर के सुधिजनों से समारोह में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### धार्मिक शिक्षा अनेक भवों तक कर सकती है कल्याण: डॉ अमृतरसा श्रीजी-

**जावरा।** व्यवहारिक शिक्षा पर हम बहुत ज्यादा ध्यान देते है लेकिन धार्मिक शिक्षा पर बहुत कम, व्यवहारिक शिक्षा जीवन में जरूर सफलता दिला सकती है लेकिन धार्मिक शिक्षा अनेक भवों तक हमारा कल्याण कर सकती है। आज के बच्चे कल का भविष्य है, वर्तमान परिवेश में इनमें धार्मिक संस्कार का होना बहुत जरूरी है, दिन के चौबीस घंटे में से मात्र एक घंटा भी हम धार्मिक शिक्षा हेतु निकाले तो भी हम ज्ञान की ज्योत हमारे जीवन में जला सकते है। यह उदगार साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसा श्रीजी ने यतींद्रज्ञान पीठ परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व विद्यार्थियों एवं परिषद सदस्यों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अगले वर्ष विश्व पूज्य गुरुदेव के जन्म जयंती के 200 वर्ष पूर्ण होने पर इस परीक्षा में 200 परीक्षार्थी भाग ले ऐसी भावना व्यक्त की। नवयुवक परिषद द्वारा आयोजित इस परीक्षा में लगभग 100 विद्यार्थी भाग ले रहे है। यतींद्र ज्ञानपीठ परीक्षा के केंद्राध्यक्ष प्रदीप सिसोदिया ने बताया कि पूरे देश में सर्वाधिक परीक्षार्थियों की संख्या की उपलब्धि का रिकॉर्ड जावरा केंद्र को ही मिला है। परिषद के प्रदेश पर्यावरण मंत्री अनिल दसेड़ा ने परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश धरु की प्रशंसा करते हुए धार्मिक शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सराहनीय भूमिका की अनुमोदना की। महिला परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष सारिका कोलन, श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर, चातुर्मास समित अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन, परिषद अध्यक्ष सुमित दसेड़ा, अशोक नवलखा, तेजमल मेहता, सुरेश पगारिया, सुरेश चोरड़िया अशोक बोरदिया, श्रेणिक चत्तर, यशवंत चोरड़िया, संजय धारीवाल, हितेश मेहता, अभिषेक बोरदिया, अमित चोरडिया, सुभाष जैन कमेड़ वाला, धर्मेंद्र तातेड़, अखिलेश भंडारी, प्रणय चत्तर, अंकित मालक, प्रभात चोरडिया, अभय चोपड़ा सहित परिषद सदस्य मौजूद रहे। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी अरविंद जैन,अतुल सुराणा ने बताया कि प्रातः पीपली बाजार उपाश्रय में साध्वी भगवंत की निश्रा मे वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई,जिसमें मोबाइल की उपयोगिता, किटी-पार्टी,लड़कियों की नौकरी,सु-संस्कार या कु-संस्कार,परिधान, देवद्रव्य एवं तीर्थ रक्षा या उपेक्षा जैसे अनेक विषयों पर पक्ष और विपक्ष में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश मेहता एवं श्रीमती शशि मेहता रहे। प्रतियोगिता में प्रथम जया दसेड़ा और सपना सिसोदिया का ग्रुपरहा, जबकि द्वितीय स्थान प्रियंका चोरड़यि और प्रियांशी कोलन के ग्रुप ने एवं तृतीय स्थान सुहानी चत्तर और हिमानु दसेड़ा के ग्ररुप ने प्राप्त किया। श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## ज्वेलरी दुकान सहित दो स्थानों पर चोरी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बीती रात जिले के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम रानीसिंग में दो स्थानों पर चोरी की वारदात को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया। इनमें एक ज्वेलरी की दुकान भी शामिल हैं। यहां से बामदश आभूषण सहित नगदी चुरा ले गए।

**सब्बल से शटर उचकाकर अज्ञात बदमाशों ने की वारदात**

चोरी की वारदात नीलेश सोनी की ज्वेलरी दुकान पर हुई। सोनी रतलाम की हिम्मत विहार कॉलोनी में रहते हैं और रावटी में ज्वेलरी की दुकान संचालित करते हैं। बदमाशों ने दुकान के आगे का शटर सब्बल से उचकाकर पूरा शटर उचका दिया और दुकान में घुस गए। बदमाश दुकान से करीब 7 हजार रूपए नगदी और चिल्लर के अलावा करीब 100 ग्राम चांदी की झुकियां चुराकर ले गए। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और जांच शुरू की हैं। पुलिस के अनुसार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**दीवार में सेंध लगाई**

बदमाशों ने गांव के ही कालूसिहं पिता शुभूसिंह पुलिया के घर की पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भी चोरी की। बदमाश सेंध लगाकर घर में घुसे और अलमारी सहित पलंग पेटी का सामान बाहर निकालकर अस्त-व्यस्त कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।



## पथ संचलन संगम स्थल पर एम्बुलेंस आई, स्वयंसेवकों ने तुरंत रास्ता बनाकर निकाला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेवा, समर्पण, त्याग, तपस्या और व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के संकल्प के साथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण की है। इस अवसर पर रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों से निकला। इस पथ संचलन का महासंगम सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप चौराहे पर हुआ। इस दौरान पथ संचलन संगम स्थल सैलाना बस स्टैंड पर एम्बुलेंस आ गई। जिसे देखने हुए स्वयंसेवकों ने तत्काल रास्ता बनाते हुए एंबुलेंस को निकाला। इस एक वीडियो भी सामने आया है। जो अब तेजी से वारयरल होने लगा हैं। सेवा की इस मिसाल को सभी ओर से सराहना मिल रही है।



## पथ संचलन: 800 स्वयंसेवकों ने की कदमताल

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सैलाना में पथ संचलन निकाला गया। ओशिन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संघ के प्रांत ग्राम विकास प्रमुख प्रचारक सोहन सिंह परमार ने मुख्य वक्ता के रूप में बौद्धिक देते हुए कहा कि संघ ने समाज के उत्थान के लिए पांच प्रमुख प्रण तय किए हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाना, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और परिवार प्रबोधन। ये प्रण संघ के भविष्य के कार्यों का आधार बनेंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दयानंद पाठक, ठाकुर सिंह सिराणा, खंड संघ चालक चौक सिंह निनामा और नगर संघ चालक विपिन कसेरा मंच पर आसीन थे। संगम पथ संचलन को दो भागों में विभाजित किया गया व राजवाड़ा चौक से प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ पुनः ओसिन परिसर में समापन हुआ। इस संचलन में लगभग 800 स्वयंसेवक शामिल हुए, जो पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में चल रहे थे। नगरवासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की।

## संतों ने किया सागोद गौशाला में नवीन टीन शेड का लोकार्पण

**रतलाम।** ग्राम पंचायत सागोद गौशाला में आज जीव दया और सेवा भावना का एक शानदार अध्याय लिखा गया। यहां वृद्ध, अस्वस्थ और दुर्घटनाग्रस्त गौ माताओं के लिए विशेष रूप से निर्मित एक नवीन टीन शेड का विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया गया। यह निर्माण कार्य वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति और गाय की रोटी गाड़ी मुहिम से जुड़े प्रमुख महिला मंडलों के सामूहिक आर्थिक सहयोग का परिणाम है।



जन सहयोग से बना आश्रय स्थल इस नेक कार्य के लिए राशि जुटाने में काटजू नगर, ब्राह्मणों का वास, लोहार रोड, शास्त्री नगर, सखवाल नगर, और कस्तूरबा नगर की गौ भक्त महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने बताया कि भक्तों द्वारा भेंट की गई राशि से शेड का निर्माण पूर्ण होते ही इसे नगर निगम द्वारा नियुक्त गौशाला प्रबंधक विनोद पाटीदार को सौंप दिया गया है, ताकि इसका सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आत्मानंदजी सरस्वती रहे, जिनका सम्मान गौशाला प्रबंधक विनोद पाटीदार ने माला पहनाकर किया। गुरुजी ने भक्तिभाव से गौ माता की पूजा अर्चना की और अपने कर-कमलों से गौ माताओं को नवीन, सुरक्षित टीन शेड में प्रवेश कराया। इस अवसर पर गौ भक्तों में उत्साह और संतोष का माहौल दिखा। इस सफल आयोजन में दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, श्याम सुंदर उपाध्याय, नगर निगम इंजीनियर और गौशाला प्रबंधक विनोद पाटीदार का सक्रिय सहयोग रहा। महिला मंडलों की ओर से श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, आशा भट्ट, सोनू राठौर, अनीता व्यास सहित अनेक गौ भक्त महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। यह टीन शेड अब गौ माताओं को बरसात और तेज धूप से सुरक्षा प्रदान करेगा। रतलाम शहर के नागरिकों द्वारा किया।

## मंत्री ने दिलाया वोकल फॉर लोकल का संकल्प

रतलाम। सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम मध्यम मंत्री चेतन्य काश्यप वोकल फॉर लोकल का अनुसरण कर पैलेस रोड स्थित खादी वस्त्र संग्रहालय पहुंचे। यहां से मंत्री श्री काश्यप द्वारा खादी वस्त्र खरीद कर सभी से स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करने का आह्वान कर खादी का प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर सबको वोकल फॉर लोकल का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान श्री काश्यप के साथ विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, दिनेश राठौड़, गोपाल राठी, श्रीकांत डोसी, आशीष डागा आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश में टोल की लूट में सत्ता की भागीदारी: पूर्व विधायक सकलेचा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रदेश की टोल रोड पर लागत से कई गुना टोल वसूली, अधिकारियों और निवेशक की मिली भगत से निवेशक को अनुचित लाभ देने, हजारों करोड़ में सड़कों के दो-तीन बार बिक जाने के बाद भी उसमे घाटा दिखाने, तथा अवधि 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक बढ़ाने पर पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

**निवेशक के एजेंट की तरह काम कर रहे अधिकारी**

**1890 करोड़ की वसूली फिर भी घाटा दिखाकर 81 करोड़ का अनुदान लिया**

सकलेचा ने बताया कि देवास भोपाल टोल रोड निविदा 426.64 करोड़ की निकाली गई थी। शासन की मिलीभगत से योजना में हानि के नाम पर 81 करोड़ का अनुदान दिया गया। वास्तविक लागत 345.64 करोड़ हो गई तथा जून 2025 तक 1889.51 करोड़ की वसूली की गई, जो लागत का 564.67% है। छः गुना लाभ के बाद भी यह कंपनी सरकार को 1 का भी प्रीमियम नहीं देती, क्योंकि अनुबंध की धारा 22 में अधिकारियों की मिली भगत से लिखा गया है कि अगर घाटे के लिए अनुदान मिला है तो प्रीमियम नहीं लिया जाएगा।सकलेचा ने कहां की जनता का दुर्भाग्य है की इस सड़क की टोल अवधि 258 दिन बढ़ा दी गई। अब दिसंबर 2033 तक टोल वसूला जाएगा।

देवास भोपाल टोल रोड पर निवेशक जून 2025 तक घाट दिखा रहा है। लेकिन इस कंपनी की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 2017 में ऑपरेटिंग प्रॉफिट 41.28 करोड़, वर्ष 2024 में बढ़कर 194.82 करोड़ हो गया तथा 2017 में प्रति इक्विटी शेयर (10) आय 1641.04 रुपए से बढ़कर 2024 मे 10474.79 रुपए हो गई। कंपनी भारी लाभ में होने पर इनकम टैक्स के नियमानुसार कंपनी का 2017 में 12.42 लाख सीएसआर फण्ड 2024 में 14 गुना बढ़कर 1.66 करोड़ हो गया।

प्रदेश की अन्य सड़को की बात करें तो जावरा नयागांव टोल रोड की लागत 425.71 करोड़ है। जून 2025 तक 2450.02 करोड़ वसूले गये जो लागत का 575.51% है। तथा 2033 तक टोल वसूला जाएगा।

उन्होंने कहा कि देवास भोपाल टोल रोड पर 2020 से 2023 तक चार वर्षों में 981 दुर्घटनाएं 1171 घायल तथा 281 की मृत्यु हुई। देवास भोपाल, लेबड जावरा तथा जावरा नयागांव तीनों टोल रोड मिलाकर इन 4 वर्षों में 2937 दुर्घटनाएं 3089 घायल और 1058 की मृत्यु हुई। केग ने 2017-18 की अपनी रिपोर्ट में यह लिखा की टोल रोडो पर आम जनता की सेफ्टी के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए तथा सेफ्टी ऑडिट नियमानुसार नहीं कराया गया।

**लेबड-जावरा की टोल रोड़ पर नुकसान बताकर अवधि बढ़ाई**

लागत 589.31 करोड़ है। इसके ऐवज में जून 2025 तक 2182.8 करोड़ वसुले गये, जो लागत का 370.4% है। इस सड़क पर योजना में हानि बता कर अधिकारियों की मिली भगत से इसकी अवधि 5 साल बढा दी गई। इस रोड पर दिस 2038 तक टोल वसूला जाएगा। यह रोड भी दो बार हजारों करोड़ में बिक चुकी है।



## वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** कांग्रेस के वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने शनिवार शाम गणेश मंदिर चौराहा पर शुभारंभ किया। श्री गेहलोत ने कहा कि हमारे कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई वोट चोरी लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। इसी जनविरोधी कृत्य के विरोध में यह अभियान चलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और जनता का अपार उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गहलोत, श्री राम चौधरी राधेश्याम पाटीदार, विमल मांडोत, बद्रीलाल काग, हनी गेहलोत,जितेंद्र सिंह राठौर, ईश्वरलाल पाटीदार सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ. कारपेंटर ने कंप्यूटर साइंस में पीएचडी उपाधि अर्जित कर क्षेत्र का बढ़ाया गौरव



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल के शोधार्थी डॉ सुधीर कारपेंटर ने अपने कठिन परिश्रम, समर्पण और नवोन्मेषी सोच के बल पर कंप्यूटर साइंस विषय में शोधकार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध का शीर्षक जो आधुनिक समय की स्वास्थ्य संबंधी तकनीकी चुनौतियों के समाधान में एक महत्त्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा।अपने शोधकाल के दौरान डॉ कारपेंटर ने चार अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किए तथा पाँच अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों में शोधपत्र प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी शोध क्षमता एवं विषय पर गहन पकड़ का प्रदर्शन किया, बल्कि भारत के शैक्षणिक जगत के गौरव को भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित किया। कारपेंटर ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने निर्देशक डॉ ऋषिकेश रावत, विश्वविद्यालय के शोध प्रभाग के डीन डॉ जीएफ अंसारी और उनके सहयोगियों डॉ. सतीश महोबे, डॉ. विजेता यादव, कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ अंकित तेमूरनिकर, अपने मित्रों डॉ. शिखा, डॉ. अंशु, राकेश बैरागी तथा परिवार के सदस्यों राकेश डारिया, रामचंद्र डारिया, नूतन शर्मा, एनके कारपेंटर तथा अपने माता-पिता जगदीशचंद्र कारपेंटर व श्रीमती चंद्रकला कारपेंटर, पत्नी श्रीमती मनोरमा कारपेंटर व बच्चों यशस्वी व मुदित के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की है।

**अधिकारियों ने दी बधाई:** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति, संकाय सदस्यों तथा अनुसंधान विभाग ने डॉ. सुधीर कारपेंटर की उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं सहकर्मियों, भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय, जावरा के प्राचार्य डॉ. एजी पठान, पूर्व प्राचार्यों, प्राध्यापकों, मित्रों ने भी बधाई दी।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

**जावरा।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान पूरे भारत में चलाया जा रहा है। इसे हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक में वोट चोर,गद्दी छोड़ अभियान का हस्ताक्षर अभियान रविवार को जावरा से प्रारंभ किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहम्मद यूसुफ कडपा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, रतलाम पूर्व मंडी अध्यक्ष राम चौधरी, सैलाना पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, सैलाना पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मतसिंह श्रीमाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, जावरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसुख पाटीदार, मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, आमिर खान, आसिफ कबाड़ी, अन्नपूर्णा पवार, महेंद्र गंगवाल, दाऊद शेख, राजेंद्र डाबी, मुकेश खारोल, विनोद ओरा, सुलेमान सेठ अशोक सिसोदिया, मोहन सैनी,पीरुलाल सूर्यवंशी, चंद्रशेखर शर्मा आदि अनेक कांग्रेस जन व नागरिक उपस्थित थे।

**मांग** विधायक ने शासन स्तर पर पत्र लिख दो ओर डायलिसिस मशीनों की मांग

## दो वर्षों में 4 हजार 338 मरीजों की निशुल्क हुई डायलिसिस



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में जावरा विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सुविधाओं का विस्तार होता जा रहा। जिसके फलस्वरूप आसपास के क्षेत्रों के आमजन जावरा में उपचार के लिए बडी संख्या पहुँच रहे। विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयासों से स्थापित डायलिसिस सेंटर पर गत दो वर्षों में 4338 मरीजों की डायलिसिस की गई। उल्लेखनीय है कि सिविल हॉस्पिटल जावरा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में एवं सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया के निर्देशन में सफलतम तरीके से डायलिसिस सेंटर संचालित किया जा रहा है। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि 15 सितंबर 23 को विधायक डॉ पांडेय ने डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया था। वर्तमान में चार मशीनों पर डायलिसिस सेवाएं मरीजों को दी जा रही है, इसके पहले डायलिसिस हेतु मरीजों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता था।अब सारी सुविधाये निशुल्क सिविल हॉस्पिटल जावरा में ही मिल रही है। निजी डायलिसिस सेंटर पर एक बार डायलिसिस सेवा के 1500 से 2000 हजार रुपए तक लगते थे। रोगी भावना और श्यामबाई ने बताया कि पहले दूसरे शहर जाना पड़ता था। पैसा, समय दोनों काफी खर्च होते थे तथा एक अटेंडर को भी साथ ले जाना पड़ता था, अब सारी सुविधाये विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयासों से सिविल हॉस्पिटल जावरा में ही मिल रही है। इस वर्ष में अप्रैल से सितंबर 25 तक 1541 मरीजों की डायलिसिस यूनिट इंचार्ज श्रीराम बोडाना, दशरथ सोलंकी टेकनीशियन, दीपिका माली, स्टॉफ नर्स, लखन चावरे, द्वारा की जा रही है। विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय ने शासन स्तर पर पत्र लिख कर दो ओर डायलिसिस मशीनों की मांग की है। विधायक डॉ पांडेय के प्रयासों से सिविल हॉस्पिटल जावरा में निरंतर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।